# खाटू का जादू ऐसा सर जिसके चढ़ जाए भजन लिरिक्स

खाटू का जादू ऐसा,
सर जिसके चढ़ जाए,
पत्थर दिल वाला भी तेरे,
दर पे आँसू बहाए,
खाटु का जादू ऐसा।bd।

तर्ज – गंगा तेरा पानी अमृत।

---

श्याम बगीची की वो महिमा,
सारा जग है जाने,
माटी में सब लोट लगाते,
बाबा तेरे दीवाने,
बेटा जैसे बाप की गोद में,
सर रख कर सो जाए,
खाटु का जादू ऐसा।bd।

---

तेरे दर का ओ सांवरिया,
ऐसा नशा चढ़ जाता,
बिन पर के जैसे एक पंछी,
देखो उड़ नहीं पाता,
मछली जैसे बिन पानी के,
तड़प तड़प मर जाए,
खाटु का जादू ऐसा।bd।

---

तू हारे का सहारा बाबा,
इसीलिए कहलाता,
एक बार जो दिल से पुकारे,
लीले चढ़ के आता,
मेरे तो परिवार का मुखिया,
तू ही घर को चलाए,
खाटु का जादू ऐसा।bd।

---

तेरे अहसानो का बदला,
चुका नही मैं पाँउ,
ले लूँ चाहे जितने जन्म मैं,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

कर्ज उतार ना पाँउ,
मिलता सबकुछ तेरे दर से,
जो 'धीरज' कर जाएं,
**Bhajan Diary Lyrics,**
खाटु का जादू ऐसा।**bd**।

---

खाटू का जादू ऐसा,
सर जिसके चढ़ जाए,
पत्थर दिल वाला भी तेरे,
दर पे आँसू बहाए,
खाटु का जादू ऐसा।**bd**।

---

दोहा – श्याम श्याम तो मैं रटूं,
श्याम है जीवन प्राण,
श्याम भक्त जग में बड़े,
उनको करू प्रणाम।

**Singer – Anjali Dwivedi**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com